सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 23 मई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) से गुरूवार को राजभवन में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चला रहे मोटिवेशनल स्पीकर जगमोहन ग्रोवर एवं गुरजीत सिंह ने भेंट कर उनके द्वारा नशा मुक्ति हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। जगमोहन ग्रोवर एवं गुरजीत सिंह अब तक स्वयं के प्रयासों से लगभग 2000 से अधिक परिवारों को इस समस्या से निजात दिला चुके हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन नशा है और ये हमारा कर्तव्य है कि हम सभी प्रकार के नशा मुक्ति अभियानों को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हम जो योजना बनाएं उसको प्रभावी किस प्रकार करना है, उसके लिए संतुलित रोड मैप बनाना चाहिए ताकि हम जो भी कार्य आरम्भ करें वह समन्वित, पोषणीय एवं टिकाऊ हो। उन्होंने कहा कि इस योजना हेतु जितने भी संसाधनों की आवश्यकता है उनको उपलब्ध कराने की ज़िम्मेदारी सभी की है।

राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न एनजीओ इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।राज्यपाल ने कहा कि इस कार्य को करने के लिए लीडरशिप, ओनरशिप और पैशन की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने जगमोहन ग्रोवर एवं गुरजीत सिंह को इस कार्य हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही।

इस अवसर पर अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया उपस्थित थीं।

............0............